मोबाइल दिलाने के बहाने बुलाकर युवती से सामूहिक दुराचार का आरोप

पीड़ित का बनाया वीडियो, तहरीर मिने पर जांच में जुटी पुलिस

मऊआइमा, प्रयागराज। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने चार युवकों पर मोबाइल दिलाने के बहाने बुलाकर सामूहिक दुराचार करने और वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। युवती ने बुधवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। तहरीर के अनुसार युवती की मोबाइल पर सोरांव क्षेत्र के दो युवकों से बातचीत होती थी। आरोप है कि २३ सितंबर को दोनों ने नया मोबाइल दिलाने के बहाने उसे मऊआइमा चौराहे पर बुलाया। वहां कार में बैठाकर उसे मऊआइमा-कलंदरपुर मार्ग स्थित एक भवन में ले जाया गया, जहां पहले से दो युवक मौजूद थे। युवती ने चारों पर दुराचार करने और वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। शिकायत में धमकी देने की बात भी कही गयी है। प्रभारी निरीक्षक मऊआइमा जगदीश कुशवाहा ने बताया कि युवती पूर्व में सोरांव थाने में भी शिकायत कर चुकी है। अब मऊआइमा थाने में तहरीर मिली है। बयान और जांच के आधार पर नियमानुसार कारवाई की जायेगी।



छात्राओं को साइबर अपराध और महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करती पुलिस टीम।

मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

मऊआइमा (प्रयागराज)। भदरपुर उर्फ दीनापुर स्थित इंटर कालेज में बुधवार को मिशन शक्ति और साइबर टीम की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस टीम ने छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव और आपात स्थिति में पुलिस सहायता लेने के बारे में जानकारी दी। प्रधानाचार्य प्रिया शुक्ला की मौजूदगी में पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को सोशल मीडिया का सुरक्षित इस्तेमाल करने की सलाह दी। अनजान लोगों से आनलाइन बातचीत, संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने और निजी जानकारी साझा करने से बचने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस ने किसी भी तरह की परेशानी या खतरे की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की। कार्यक्रम में एसएसआई बालेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक कुंवर गौरव सिंह, एसआई आकांक्षा मिश्रा, कांस्टेबल ईशा कुमारी और कांस्टेबल श्वेता सिंह मौजूद रहीं।



मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाबी सौंपते सांसद प्रवीण पटेल।

अतिरिक्त दहेज की मांग और दुराचार के प्रयास का आरोप, पांच पर केस

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने और चचिया श्वसुर पर दुराचार के प्रयास का आरोप लगाया है। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर मऊआइमा पुलिस ने पति, श्वसुर, चचिया ससुर, सास और चचिया सास के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विवाहिता के अनुसार, उसकी शादी १४ मई २०२५ को नवाबगंज क्षेत्र के अठरामपुर के पथरियापुर गांव निवासी रजत कुमार पटेल से हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग कर उसे प्रताड़ित करने लगे। विवाहिता का आरोप है कि १३ अक्तूबर को वह कमरे में अकेली थी। इसी दौरान चचिया श्वसुर कमलेश कुमार पटेल कमरे में पहुंचे और उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए दुराचार का प्रयास किया। उसके शोर मचाने पर वह वहां से चला गया। आरोप है कि घटना की जानकारी देने पर ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट की और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसे घर से निकाल दिया गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति रजत कुमार पटेल, श्वसुर रमेश कुमार पटेल, चचिया श्वसुर कमलेश कुमार पटेल, सास मीरा कुमारी पटेल और चचिया सास के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है।

महुआ का हरा पेड़ काटने पर तीन के खिलाफ केस

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र के रजवापुर घीनपुर गांव में महुआ का हरा पेड़ काटने की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम को देखकर आरोपित मौके से फरार हो गए। मामले में वन बीट प्रभारी की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। वन विभाग को गांव स्थित एक बाग में हरे महुआ के पेड़ काटे जाने की सूचना मिली थी। इस पर वन सेक्शन प्रभारी धर्मेंद्र कुमार और वन बीट प्रभारी हिमांशु सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम को देखते ही पेड़ काट रहे लोग मौके से भाग निकले। वन बीट प्रभारी हिमांशु सिंह की तहरीर पर रजवापुर घीनपुर निवासी ताहिर अली तथा परमानंदपुर (गोवर्धनपुर) निवासी बिट्टू राम और अजय कुमार के खिलाफ मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मकान का ताला तोड़कर छः लाख का माल पार

१५ हजार नकदी सहित सोने-चांदी के जेवर और ड्रोन कैमरा चोरी

फाफामऊ (प्रयागराज)। मातादीन का पूरा में चोरों ने मेडिकल कालेज के क्लर्क के बंद मकान का ताला तोड़कर करीब छह लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवर, ड्रोन कैमरा, अन्य कीमती सामान और १५ हजार रुपये नकद पार कर दिये। पीड़ित ने बुधवार को फाफामऊ थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज में क्लर्क विनोद कुमार मिश्रा के अनुसार वह मकान में ताला बंद कर दो दिन के लिए बाहर गए थे। मंगलवार देर रात चोरों ने मुख्य गेट का ताला तोड़कर बक्से और अलमारी में रखा सामान चोरी कर लिया। बुधवार सुबह लौटने पर उन्हें घटना की जानकारी हुई। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी और छिनैती की घटनाओं से लोगों में दहशत है।

NAME CHANGE

The general public is hereby informed that in my class 10 certificate/educational record my father's name has recorded as "Navin Chandra", which is incorrect; whereas in his Aadhaar/other valid identity documents and supporting records is "Navin Chandra Srivastava", which is correct. It is in the interest of justice that my father's name be corrected to "Navin Chandra Srivastava" in the aforementioned class 10 certificate. Anika Srivastava D/o Navin Chandra Srivastava Address: 11/9/2A, Lal Bahadur Shastri Marg, Civil Lines, Prayagraj

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम विद्या देवी अंकित है जबकि मेरे पैनकार्ड एवं आधार कार्ड में विद्या देवी पाण्डेय अंकित है जो सत्य एवं सही है विद्या देवी एवं विद्या देवी पाण्डेय दोनों नाम मेरे ही हैं अतः भविष्य में अब मुझे विद्या देवी पाण्डेय के नाम से जाना पहिचाना तथा लिखा पढ़ा समझा जाये। विद्या देवी पाण्डेय पत्नी-रामशंकर पाण्डेय निवासिनी-179ए, आवास विकास बस्ती के पास शुक्ल की बगिया, झलवा पिपल गाँव पर. व तह. सदर जनपद प्रयागराज-211012

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम दीपक यादव पुत्र राम आसरे है, जो कि मेरे शैक्षणिक अभिलेख में दर्ज है। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड सं. ×××× ×××× 1633 में मेरा नाम पंकज यादव हो गया है, जो कि गलत है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम दीपक यादव पुत्र राम आसरे के नाम से जाना व पहचाना जाए। एतद्द्वारा यह प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएँ स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है। दीपक यादव पुत्र-रामआसरे नि0ग्रा0 गोलीपार मरवटिया पो0 उरुवा बाजार, गोरखपुर उ0प्र0-273407

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम अंशिका सिंह पुत्री दिलीप सिंह है, जो कि उसके शैक्षणिक अभिलेख में दर्ज है। त्रुटिवश मेरी पुत्री के आधार कार्ड सं0 ×××× ×××× 7557 में उसका नाम अनन्या अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मेरी पुत्री को उसके सही नाम अंशिका सिंह पुत्री दिलीप सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाए। एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएँ स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी है। दिलीप सिंह पुत्र-राघो नि.ग्रा. बथुआ बुजुर्ग, पो0 उरुवा बाजार जनपद-गोरखपुर, उ0प्र0 273407

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम श्रेया गुप्ता पुत्री संतोष गुप्ता है जो कि उसके शैक्षणिक अभिलेख में दर्ज है। त्रुटिवश मेरी पुत्री के आधार कार्ड सं. [XXXX XXXX 8776] में उसका नाम शैया गुप्ता अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मेरी पुत्री को उसके सही नाम श्रेया गुप्ता पुत्री संतोष गुप्ता के नाम से जाना व पहचाना जाए। एतद्द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के संबंध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी हैं। संतोष गुप्ता पुत्र दवर -नि. ग्राम मानिकपुर, पो0-नैनीजोर, जनपद आजमगढ़, उ0प्र0 276122

नाम परिवर्तन

मैं, फ़राज़ अहमद, CBSE क्लास 10 रोल नंबर - 5115222 सत्र 2011 में पास हुआ और क्लास 12 रोल नंबर - 5613980 सत्र 2014 में M.L कॉन्वेंट, करेलाबाग प्रयागराज U.P. से पास हुआ। मेरी CBSE मार्कशीट में, मेरे माता-पिता के नाम गलती से MOHD MUKHTAR AHMAD और KAUDAIZA BEGAM छपे हैं। उनके असली और सही नाम MUKHTAR AHMED ANSARI और KHUDAIZA BEGAM हैं। मैंने इस बारे में फर्स्ट क्लास मजिस्ट्रेट, प्रयागराज U.P. के सामने एक एफिडेविट दिया है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम बागेश्वरी पत्नी संजय है जो कि मेरे गैस कनेक्शन, बैंक पासबुक, पैन कार्ड एवं भूलेख खतौनी में अंकित है। त्रुटिवश मेरे आधार कार्ड सं. [XXXX XXXX 5868] में मेरा नाम प्रिया देवी अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम बागेश्वरी पत्नी संजय के नाम से जाना व पहचाना जाए। एतद द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी हैं। बागेश्वरी पत्नी संजय ग्राम सखरुआ, पो. माल्हनपार, तहसील बांसगांव, जिला गोरखपुर, उ0प्र0 273403

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाबालिग पुत्र का सही नाम अच्युत चतुर्वेदी (Achyut Chaturvedi) पुत्र मनोज कुमार चौबे है जो उसके शैक्षिक अभिलेखों जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड में अंकित है। मेरे पुत्र का स्वास्थ्य ठीक न रहने के कारण मैने अपने ज्योतिषाचार्य के परामर्श के अनुसार अपने पुत्र का नाम अच्युत चतुर्वेदी (Achyut Chaturvedi) से बदलकर शिवम चतुर्वेदी (Shivam Chaturvedi) रख लिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को शिवम चतुर्वेदी (Shivam Chaturvedi) के नाम से जाना व पहचाना जाय। एतद द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त के सम्बंध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी हैं। मनोज कुमार चौबे पुत्र कृष्णा प्रसाद चौबे निवासी ग्राम मल्देवा, पोस्ट दुद्धी, जिला सोनभद्र 30 प्र0 231208

सांसद ने लाभार्थियों को सौंपी आवास की चाबी

सेवा संकल्प अभियान में अधिकारियों ने जनता से किया सीधा संवाद

सहसों (प्रयागराज)। विकासखंड सहसों में सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा सेतु कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में विभिन्न विभागों की ओर से प्रदर्शनी लगाकर योजनाओं और कार्यों की जानकारी दी गयी।

ग्रामीणों ने विभागीय स्टाल पर पहुंचकर योजनाओं का लाभ भी लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख गीता सिंह ने की। मुख्य अतिथि फूलपुर सांसद प्रवीण सिंह पटेल ने कहा कि सरकार का लक्ष्य स्वस्थ, सुरक्षित और विकसित भारत का निर्माण करना है।

उन्होंने अधिकारियों से जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं के समाधान पर जोर दिया। सांसद ने मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाबी सौंपी। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को साड़ी वितरित की गयी तथा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया।

खंड विकास अधिकारी रामवीर सिंह पाल ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में राकेश बहादुर सिंह, पवन कुमार शुक्ला, हेमंत सिंह, अजय राणा, सरिता पाल, आसमा सिंह, कृष्ण कुमार चौरसिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

भारतीय डाक विभाग

कार्यालय प्रवर अधीक्षक डाकघर, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज - 211001

पत्रांकः CR-09/डाक अदालत/2025-26 प्रयागराज दिनांक 25.09.2026

प्रैस नोट

प्रयागराज डाक मण्डल के सम्मानित सभी नागरिकों की डाकघर से संबंधित समस्याओं का निराकरण हेतु मासिक डाक अदालत का आयोजन कार्यालय प्रवर अधीक्षक डाकघर, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज-211001 द्वारा दिनांक 08.10.2026 को समय अपरान्ह 15:00 बजे रखा गया है। जिसमे आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। अतः प्रयागराज मण्डल के नागरिकों से अनुरोध है कि वे अपनी डाक विभाग से संबंधित शिकायत दिनांक 06.10.2026 तक इस कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें। इसके बाद की प्राप्त शिकायतों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया शिकायती पत्र के शीर्ष एवं लिफाफे के ऊपर "डाक अदालत" हेतु अवश्य लिखें। शिकायतकर्ता प्रधानडाकघर, प्रयागराज 211001 एवं कचहरी प्रधान डाकघर, प्रयागराज 211002 में भी ऑनलाइन माध्यम से डाक अदालत से जुड़ सकते हैं।

प्रवर अधीक्षक डाकघर
प्रयागराज मण्डल प्रयागराज-211001

प्रगतिशील कृषकों को वितरित किये बीज मिनीकिट

घूरपुर (प्रयागराज)। सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को विकास खंड जसरा एवं चाका में 'सेवा सेतु-सरकार आपके द्वार' बहुउद्देशीय जनसेवा एवं जनकल्याण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने, वंचित लाभार्थियों का पंजीकरण कराने तथा जनसमस्याओं का मौके पर समाधान करना रहा।

शिविर में कृषि, राजस्व, ग्राम्य विकास, पंचायतीराज, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, पशुपालन, खाद्य एवं रसद, श्रम सहित विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी। उत्तर प्रदेश किसान समृद्धि आयोग के सदस्य कुलदीप सिंह ने किसानों को कृषि एवं पशुपालन से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने नंदिनी योजना का लाभ लेने की अपील करते हुए किसान समृद्धि लोन के बारे में बताया। उनके अनुसार किसान कृषि आवश्यकताओं के लिए छह प्रतिशत ब्याज दर पर छह लाख रुपये तक का ऋण प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने खेती के साथ पशुपालन को आय का अतिरिक्त साधन बनाने के लिए प्रेरित किया। सहायक विकास अधिकारी कृषि नीरज सोनी और प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार जयवीर सिंह ने उन्नत बीज, कृषि यंत्रीकरण, फसल विविधीकरण, मृदा परीक्षण, प्राकृतिक कृषि, सिंचाई और दलहन-तिलहन उत्पादन सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान प्रगतिशील किसानों को सरसों एवं मसूर के बीज मिनीकिट निःशुल्क वितरित किये गये। शिविर में अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

आज का मुहूर्त

दिनांक- १ अक्तूबर २०२६
सम्वत्- २०८३ कन्या राशिस्थ सूर्य दक्षिणायन
ऋतु- शरद
मास- आश्विन कृष्ण पक्ष
तिथि- पंचमी दिन में ०२.३५ तक उपरान्त षष्ठी
वार- गुरुवार
नक्षत्र- कृत्तिका दिन में ०८.५२ उपरान्त रोहिणी
योग- सिद्धि रात्रि १२.५९ तक उपरान्त व्यतिपात
राशि- वृष
सूर्योदय- ०६.०५ बजे
सूर्यास्त- ०५.५५ बजे
राहुकाल- दिन में ०१.३० से ०३ बजे तक
भद्रा- नहीं है
मुहूर्त- गो क्रय विक्रय, वस्तु विक्रय तथा फसल काटने का मुहूर्त है।
विशेष- आज पंचमी तिथि का श्राद्ध है, श्री चंद्र षष्ठी व्रत। यह व्रत चंद्रोदय व्यापिनी होता है।

तहसील में पट्टा विवाद का अधिवक्ताओं ने समझौते से कराया पटाक्षेप

२२ सितम्बर को विवाद ने पकड़ा था तूल, दोनों पक्षों में बनी सहमति

मेजारोड (प्रयागराज)। तहसील में एक सीट/पट्टा को लेकर अधिवक्ताओं के दो पक्षों के बीच चल रहा विवाद बुधवार को आपसी समझौते के बाद समाप्त हो गया। २२ सितंबर को विवाद ने तूल पकड़ लिया था।

मामले को शांत कराने के लिए बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के पूर्व चेयरमैन एवं सदस्य देवेंद्र मिश्रा नगरहा, मेजा बार के पदाधिकारियों और वरिष्ठ अधिवक्ताओं की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच वार्ता हुई। वार्ता के बाद अधिवक्ता महेंद्र सिंह यादव और राजू पांडेय के बीच आपसी सहमति से समझौता कराया गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को गले लगाकर मनमुटाव समाप्त किया। समझौते में तय बिंदुओं को तत्काल प्रभाव से लागू करने पर सहमति बनी। विवाद के समाधान में अधिवक्ता एवं भाजपा नेता सुशील मिश्रा सहित अन्य अधिवक्ताओं ने भी पहल की। एसीपी मेजा बृजेश पाठक, तहसीलदार मेजा और प्रभारी निरीक्षक मेजा धनंजय पांडेय की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही। बैठक में अधिवक्ता एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। **क्या था मामला-** तहसील में एक सीट/पट्टा को लेकर दोनों पक्षों के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। २२ सितंबर को मामला बढ़ गया था। वरिष्ठ अधिवक्ताओं की पहल के बाद बुधवार की वार्ता में दोनों पक्षों में सहमति बनी और विवाद का पटाक्षेप हो गया।

वृद्ध महिला की चेन उड़ायी

फाफामऊ (प्रयागराज)। फाफामऊ बाजार में ई-रिक्शा से मायके जा रही बुजुर्ग महिला के गले से महिलाओं के एक समूह द्वारा सोने की चेन चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने फाफामऊ थाने में तहरीर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

कर्नलगंज के छोटा बघाड़ा निवासी कामिनी देवी सोनी बुधवार दोपहर फाफामऊ बाजार जा रही थीं। आरोप है कि गदा चौराहे से ई-रिक्शा में बैठने के बाद पहले से मौजूद चार महिलाओं ने उन्हें बातचीत में उलझा लिया। कुछ दूर जाने के बाद कथित तौर पर उनके गले से चेन निकालकर उन्हें ई-रिक्शा से उतार दिया और फरार हो गईं।



शिविर में सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक।

स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच, दिये गये जरूरी सुझाव

नगर पंचायत हंडिया में स्वास्थ्य शिविर, सैकड़ों सफाई कर्मियों का हुआ परीक्षण

हंडिया (प्रयागराज)। स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पंचायत हंडिया परिसर में बुधवार को स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इसमें नगर पंचायत में कार्यरत सैकड़ों सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी लेकर आवश्यक परामर्श दिया और जरूरत के अनुसार दवाएं भी वितरित कीं। चिकित्सा अधिकारी डा. अंजुम आरा और डा. रेखा विश्वकर्मा के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सफाई कर्मियों की सामान्य जांच की। चिकित्सकों ने कहा कि सफाई कर्मियों को धूल, गंदगी और संक्रमण सहित विभिन्न स्वास्थ्य जोखिमों का सामना करना पड़ता है, इसलिए नियमित स्वास्थ्य जांच जरूरी है। शिविर में कर्मियों को व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरणों का इस्तेमाल करने और स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर तत्काल चिकित्सकीय सलाह लेने की जानकारी दी गयी। संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण पर भी जोर दिया गया। इस मौके पर रामा अनुज, संतोष सिंह और शिव कुमार मौजूद रहे।

आगमें झुलसी महिलाकी मौत शव गांव पहुंचते ही मचा कोहराम

मांडा (प्रयागराज)। थाना क्षेत्र के दिघिया गांव में मंगलवार दोपहर शार्ट सर्किट से घर में लगी आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलसी ३० वर्षीया महिला की इलाज के दौरान मौत हो गयी। बुधवार को महिला का शव गांव पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गयी।

दिघिया गांव निवासी रीता देवी (३०) पत्नी अश्वनी दूबे मंगलवार की दोपहर घर पर अपनी छोटी बहन के साथ थीं। उसी दौरान उनकी बेटियां स्कूल गयी हुई थीं और पति अश्वनी रोजाना की तरह ई-रिक्शा चलाने प्रयागराज शहर गए थे। परिजनों के अनुसार, घर में अचानक विद्युत घर्षण होने से आग भड़क उठी, जिसकी चपेट में आकर रीता देवी गंभीर रूप से झुलस गईं।

आनन-फानन में परिजन झुलसी महिला को लेकर स्वरूपरानी नेहरू (एसआरएन) चिकित्सालय प्रयागराज पहुंचे, जहां मंगलवार देर रात उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। बुधवार शाम पोस्टमार्टम के उपरांत जब शव गांव पहुंचा, तो कोहराम मच गया। मृतका की तीन बेटियां अर्पिता, आंशिक, अनुष्का और दो माह का एक बेटा है। परिजनों ने घटना की परिस्थितियों को संदिग्ध मानते हुए कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे विधिक कारर्वाई की जाएगी। बुधवार देर शाम चौकठा-नरवर गंगा घाट पर मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

पाक्सो एक्ट पर छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

गलत व्यवहार या शोषण की घटना पर चुप न रहने की दी सलाह

मेजारोड (प्रयागराज)। श्यामकली इंटर कालेज में बुधवार को पाक्सो एक्ट को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम न्यायालय मेजा के न्यायिक अधिकारी संतोष कुमार कर्मा ने छात्र-छात्राओं को पाक्सो एक्ट के प्रावधानों और बच्चों के अधिकारों की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि किसी बच्चे के साथ गलत व्यवहार, छेड़छाड़ या शोषण की घटना होने पर डरकर चुप न रहें। इसकी जानकारी तत्काल माता-पिता, शिक्षक या किसी भरोसेमंद व्यक्ति को दें। उन्होंने बताया कि पाक्सो एक्ट छात्राओं के साथ-साथ छात्रों को भी सुरक्षा प्रदान करता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पाक्सो एक्ट से जुड़े सवाल पूछे, जिनका न्यायिक अधिकारी ने जवाब दिया। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने बच्चों की सुरक्षा के लिए जागरूकता को जरूरी बताया। इस अवसर पर प्रबंधक हौसल प्रसाद तिवारी, सिद्धांत तिवारी, हर्ष तिवारी, सचिन कुमार स्टेनो, प्रधानाचार्य अजय पटेल, अशोक सिंह, रंजन तिवारी, अंकित तिवारी, हरिश्चंद्र मौजूद रहे।

न्यायाधीश ने छात्र-छात्राओं को पास्को एक्ट की बारीकियां बतायी

कोरांव (प्रयागराज)। ग्राम न्यायालय कोरांव के न्यायाधीश अभय दीप विश्वकर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को गोपाल विद्यालय इंटर कालेज परिसर में पास्को एक्ट जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह ९ से ११ बजे तक चले कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को पास्को एक्ट के प्रावधानों, विभिन्न परिस्थितियों में लागू होने वाली धाराओं और सजा के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गयी।

न्यायाधीश ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से पढ़ाई करने तथा आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उप जिलाधिकारी कोरांव ठाकुर प्रसाद ने भी छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन पर विशेष ध्यान देने की अपील की। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन अध्यक्ष राम बहादुर सिंह पटेल, अधिवक्ता निशा श्रीवास्तव, राघवेंद्र प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य डा. मोहम्मद साबिर अली, सरदार पटेल इंटर कालेज सिकरो के प्रधानाचार्य डा. अवधेश कुमार सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

अपना दल एस कार्यकर्ताओं ने कोरांव विधानसभा क्षेत्र में किया जनसंपर्क

कोरांव (प्रयागराज)। अपना दल एस के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को क्षेत्रीय सचिव डा. हरिश्चंद्र पटेल के नेतृत्व में कोरांव विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से जनसंपर्क किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नीतियों और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी बात ग्रामीणों तक पहुंचाई। कार्यकर्ताओं ने बदौआ खुर्द, पियरी, संसारपुर, देवघाट, अल्हवा और महुली सहित कई गांवों में लोगों से मुलाकात की। पार्टी की ओर से ग्रामीणों से अधिक संख्या में संगठन से जुड़ने की अपील की गयी। इसी दौरान कार्यकर्ता बदौआ गांव निवासी मुन्नीलाल सिंह के घर पहुंचे और उनके २० वर्षीय इकलौते नाती की सड़क हादसे में हुई मौत पर शोक संवेदना व्यक्त की। कार्यकर्ताओं ने परिजनों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष यमुनापार राम मनोहर पटेल, जिला महासचिव सम्राट राहुल मौर्य, अनुसूचित मंच जिलाध्यक्ष शिव बालक कोल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शुआट्स में महिला कृषकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण जारी

नैनी (प्रयागराज)। शुआट्स के प्रसार निदेशालय में आत्मा योजना के तहत मिर्जापुर के नरायनपुर, जमालपुर, राजगढ़, कोन और छानबे विकासखंडों की चयनित ६० महिला कृषकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी है। प्रशिक्षण २८ सितंबर से चल रहा है। मंगलवार को तीसरे दिन कुलपति प्रो. (डा.) जोनाथन ए. लाल और प्रथम महिला प्रो. (डा.) अभिलाषा जे. लाल ने प्रशिक्षण में सहभागिता की। कुलपति ने कहा कि शुआट्स वर्ष १९१० से किसानों से जुड़ा है और कृषि संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक किसानों के साथ काम कर रहे हैं।

उन्होंने महिला कृषकों से अपनी कृषि समस्याएं वैज्ञानिकों के साथ साझा करने की अपील की।

प्रो. अभिलाषा जे. लाल ने कहा कि खेती में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने महिला कृषकों को श्रीअन्न के उत्पादन, प्रसंस्करण और पैकेजिंग से जुड़कर आय बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण समन्वयक डा. टीडी मिश्रा ने कार्यक्रम की रूपरेखा बतायी। वैज्ञानिक डा. सरवेंद्र कुमार ने पशुपालन तथा डा. योगेश चंद्र श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी।

सोने की नीलामी की सूचना

बजाज फाइनेंस लिमिटेड ("BFL");
पंजीकृत कार्यालय: चौथी मंजिल, बजाज फिनसर्व हाउस, ऑफ पुणे-अहमदनगर रोड, विमान नगर, पुणे - 411014

BAJAJ FINANCE

ऋणियों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित ऋणियों ने बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद लोन का भुगतान या आवश्यक मार्जिन जमा नहीं किया है। इस कारण, ऋणियों द्वारा लोन के विरुद्ध सुरक्षा के रूप में गिरवी रखे गए सोने की नीलामी "जैसा है, जहाँ है" के आधार पर निम्नलिखित शर्तों के अनुसार की जाएगी: 1. क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (सोने का विवरण एवं सकल वजन) की सम्पूर्ण जानकारी देखें, 2. बोलीदाताओं के लिए सभी नियम एवं शर्तें निम्न लिंक पर उपलब्ध हैं: All about our Terms and Conditions - Bajaj Finance Limited 3. सभी बोलीदाताओं को नीलामी से पूर्व ₹25,000/- की अग्रिम जमा राशि (EMD) ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से जमा करना अनिवार्य है; 4. नीलामी स्थल पर प्रातः 10 बजे वैध पहचान एवं पते के प्रमाण के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है। नीलामी की तिथि में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित किया जाएगा। बोली प्रस्तुत करना उपरोक्त नियमों एवं शर्तों की स्वीकृति माना जाएगा। अधिक जानकारी के लिए wecare@bajajfinserv.in पर संपर्क करें।

(11-11-26) **आगरा - बाइपास रोड**; PMV6GOL31251516, 92931566, 42482095, 45082084. **अलीगढ़ - मैरिस रोड**; POW5GOL92641337, 92661711. **अंबेडकर नगर - शहजादपुर रोड**; PRG2GOL90821857, 94618458, 95080861, 95165402, 96008070, 96513663, 96503227, 97173059, 97200341, 97620161. **अमरोहा - जय ओम नगर**; PRE7GOL92706115, 95527834, 96553180, 97170082. **औरैया - सुभाष चौराहा**; PRE9GOL91276272, 91268126, 93842824, 94346165, 94277580, 94388159, 94653682, 95165982, 96012995, 96526897, 96960704, 97553743. **बहराइच - गोंडा रोड**; POU5GOL30810126, 34115436, 91322266, 91711748, 93911205, 44130847, 96522284, 96771701, 97048622, 97568743, 97592375. **बाराबंकी - फैजाबाद बाइपास रोड**; POU2GOL90830738, 40770886, 41027469, 92644592, 92910129, 42241686, 42358733, 95970463, 97000633, 96964198. **गाज़ियाबाद - लाल कुआँ**; PSG2GOL96057219, 96029668, 96495946, 96722520. **गाज़ियाबाद - संजय नगर**; PSF9GOL92909846, 93222405, 93911707, 94369321, 94415005, 94307256, 94663546, 94824739, 94834357, 95310338, 96068537, 96302768, 96505562, 96529017, 97176870, 97180959, 97574664, 97554117. **गोरखपुर - असुरन चौक**; PUI4GOL93848738, 96232588, 96702264, 97712051. **कानपुर - गोविंद नगर**; POW8GOL90877490, 92209438, 92951632, 93561668, 94600768, 95624873, 95963347, 97020881, 45054336. **लखनऊ - आलमबाग कानपुर रोड**; POV7GOL21836185, 90858508, 90883309, 90877060, 90907927, 40741506, 91312877, 91314251, 91267246, 91261976, 91398902, 91389472, 91388686, 91793855, 91784872, 91755751, 91793783, 91927302, 92124842, 92735762, 92631490, 92700048, 92605111, 92733825, 92743785, 92619286, 92748931, 93669415, 93750144, 93679229, 93703806, 93718445, 93693919, 93704335, 42656854, 94448589, 94309928, 94359547, 94688966, 94630216, 43115399, 94902444, 94908493, 95365461, 95327057, 95334326, 43637435, 95562002, 95581987, 95588959, 96239284, 96259548, 96538625, 96511640, 96802731, 96965224, 96986004, 97230671, 97216794, 97552607, 97571997, 97585252, 97560867, 45371334. (12-11-26) **आगरा - फतेहाबाद रोड**; PMO9GOL90871437, 90822705, 90866761, 90927578, 90878376, 40791948, 95551046, 96268082. **बड़ौत - दिल्ली सहारनपुर रोड**; PRQ7GOL90908326, 90845150, 93202635, 93711021, 93665934, 94852637, 94859833, 94823937, 95349925, 95335068. **बरेली - चौपला रोड**; PQM4GOL91132269, 43245411, 95614564, 97256549, 97245761. **बरेली - पीलीभीत रोड**; PMR2GOL33608006, 91106359, 91842424, 91820418, 41640511, 92751734, 93159853, 93221974, 93227922, 93202763, 94343190, 94674033, 95355561, 95967007, 44665159, 44669539, 97239844, 97626959, 97592672. **बस्ती - कचहरी रोड**; PRF8GOL93407608, 95376949, 96031337, 96266863, 96449709, 96785946. **बिजनौर - सिविल लाइंस**; PMQ7GOL29518327, 92182943, 92687914, 93470288, 94887422, 95347666, 96738427, 96714654, 96989072. **बुलंदशहर - साठा रोड**; PMQ1GOL21481107, 91444856, 91445704, 91918518, 41606126, 41883639, 41875062, 94327398, 94411134, 94307326, 96016965, 97688522. **दादरी - रेलवे रोड**; PSG4GOL94825082. **देवरिया - गोरखपुर रोड**; PRG1GOL90820091, 90932474, 91096136, 91268091, 91257824, 92674737, 93745986, 94460174, 95959731, 96007958, 96258400, 96951629, 96934205, 97660481. **एटा - सिविल लाइंस**; POW6GOL90836489, 94594988. **इटावा - कचहरी रोड**; PMP4GOL40526128, 91417401, 91814784, 41613902, 41606801, 93303604, 93496800, 93486719, 42176967, 42349923, 42324715, 93882535, 93844253, 94442358, 94323095, 42906271, 42975165, 42887694, 42899659, 94677032, 95306710, 96021838, 96046150, 44179415, 96238737, 96507557, 96562991, 96484954, 44527732, 96755599, 96740152, 96930735, 97269154, 97698251, 45425990, 45414708, 45339761, 45343934. **गाज़ियाबाद - मसूरी**; PSY9GOL92151950, 95985339, 95964834, 95969489, 96228520. **गोरखपुर - बेतियाहाता**; PRF2GOL91871419, 91845040, 93757388, 94382972, 97580016. **कानपुर - काकादेव**; POV1GOL90920814, 90817418, 91065972, 91102101, 91260777, 92084264, 92661368, 92952616, 93414215, 42614605, 94299932, 96206783, 96299359, 96461127, 96993223. **लखनऊ - अमीनाबाद**; PQI2GOL91125761, 91237724, 91435253, 91409449, 91711297, 91711889, 91806110, 91754366, 91716623, 93047903, 93218330, 93663281, 94373298, 42899957, 94609141, 94656865, 94580950, 95119622, 95126357, 95338086, 96049226, 96275928, 96258359, 96692552, 96801958, 96824229, 97009612, 97044474, 97221141, 97209564, 97695121, 97650567, 97691941. (13-11-26) **आगरा - जयपुर हाउस**; PSS5GOL91438671, 91410706, 91829691, 91878734, 93272452, 93751693, 93682148, 94910429, 95999457, 96795060. **फैजाबाद - रामपथ रोड**; POU3GOL31206890, 91137130, 92618542, 92716358, 42090021, 93480449, 94380605, 95318359, 44699399. **फर्रुखाबाद - ITI चौराहा**; POV5GOL90941116, 91097323, 91791358, 93182801, 42198724, 93912300, 94870081, 95630552, 97006845. **फतेहपुर - बांदा सागर रोड**; PRP3GOL91405754, 93943679, 95073822, 95952993, 96694695. **गाज़ियाबाद - मोदीनगर**; PRO7GOL91422778, 91703016, 91747056, 92619602, 93164339, 93472305, 93908409, 94433179, 94884435, 95110204, 96272974, 97711559. **गोरखपुर - गोरखनाथ**; PRR3GOL91148817, 91420232, 91758422, 94624721, 95340307, 96502761. **कानपुर - कल्याणपुर**; PRE8GOL90902417, 91270686, 92168726, 93284082, 93838901, 94703260, 95114087, 95399768, 95295618, 95287102, 95588245, 96731570, 97043566. **लखनऊ - आशियाना**; PQM2GOL30440025, 33435547, 40527353, 90857959, 91391357, 91389247, 92172997, 93481408, 96443147, 44692527, 44696005, 97000819, 96986311, 97245463, 97543871, 97618988. (16-11-26) **आगरा - संजय प्लेस**; PMP1GOL15721337, 97416289, 41165529, 41625674, 92709658, 92778967, 93669764, 93705080, 95119483, 96060045. **गाज़ियाबाद - मुरादनगर**; PST8GOL92711547, 93675318, 93891175, 96561309. **गोंडा - स्टेशन रोड**; PRF9GOL94629329, 94578040, 95084080, 95128149. **गोरखपुर - कूड़ाघाट**; PRR4GOL95350547, 97030506, 97043264, 96924583, 97660579. **ग्रेटर नोएडा - कासना**; PSV1GOL93243604, 93985896, 94597200, 94894552, 95579965, 95985054, 97178058. **गुलावठी - सैदपुर रोड**; PSL3GOL91710607, 92754366, 95129008, 95617893, 96530252, 97024355. **हापुड़ - रेलवे रोड**; PMU9GOL91256077, 93174162, 93675628, 93946862, 94421414, 94295065, 94587599, 96002595, 96219215, 96500902, 44676409, 96995090, 97567600. **हरदोई - लखनऊ रोड**; PRO6GOL91875456, 91767353, 92176803, 92098671, 92686126, 92768604, 94910016, 94828096, 95348712, 96247889, 96297359, 96204018, 96545858, 96716932, 97236139, 97630847, 97602674. **कानपुर - किदवई नगर**; PQG7GOL90902978, 92956643, 92931614, 42096927, 94853405, 94823323, 94826622, 95104444, 43481095, 95969258, 96310576, 96230749, 97268519, 45026957, 97621569. **लखनऊ - BGL**; PTT2GOL91404088, 93523258, 95568172, 96781237, 96766671. (17-11-26) **आगरा - शास्त्रीपुरम**; PMW3GOL93723676, 94322865, 94931294, 95332543, 43597239, 43653861, 43594754, 43651018, 44070572, 44074880, 45414088. **गाज़ियाबाद - राकेश मार्ग**; PSG1GOL91843102, 92220369, 92913658, 94646808, 96708979, 96992659, 97034726, 97667206. **गोरखपुर - मेडिकल रोड**; PRF3GOL92206899, 96946998. **जालौन - पटेल नगर**; POV2GOL22262873, 33884087, 34520208, 41249840, 41865869, 42610958. **जेवर - टप्पल रोड**; PRQ8GOL90871969, 92104745, 92891847, 93466416, 93690030, 94385658, 95978506, 96748172. **झाँसी - इलाइट सीपरी रोड**; PPH2GOL20681409, 21600597, 21594571, 33851667, 40909871, 41025069, 93677511, 43107944, 94900519, 95075062, 95321115, 95313968, 95372670, 44332866, 96973088, 97683883, 45342107. **झाँसी - कचहरी चौराहा**; PMP7GOL90839511, 40952164, 92686462, 93912775, 42862600, 42898977, 44329464, 45401630. **कन्नौज - सरायमीरा रोड**; POV4GOL90805406, 40902506, 93281674, 93703578, 42500740, 94305761, 42906227, 96960153. **कानपुर - लाल बंगला**; POW9GOL90902489, 90874019, 91409354, 91864446, 92624020, 92939819, 93695526, 93731411, 93954075, 93944298, 42625589, 94404718, 95379393, 96008118, 96234281, 96215070, 96250503, 96260710, 96512159, 96460440, 96517734, 96694823, 96796897, 97225483, 97236197, 97163842, 97252035, 97240702, 97217128, 97241207, 97235447, 97585958, 97664644, 97600383. **लखनऊ - चिनहट**; PSY4GOL91301968, 91309865, 91423658, 92737378, 92755460, 94362681, 94396316, 94928762, 94837531, 94827585. (18-11-26): **गाज़ियाबाद - RDC**; PSF7GOL93224389. **कानपुर - रामबाग रोड**; PPU2GOL19436144, 23574992, 32030947, 91121420, 92193057, 92732009, 42172732, 93731531, 94641095, 96274479, 96524333, 96539845, 97705061. **खलीलाबाद - मुखलिसपुर रोड**; PRU8GOL90896578, 90804329, 91793212, 92093910, 92714494, 93255395, 93960077, 93865881, 95574490, 95526710, 96007712, 96021649, 95995658, 96028648, 96225713, 96504186. **खतौली - जी.टी. रोड**; PRO9GOL96507785, 96498731, 96512896, 97242696. **खुर्जा - जी.टी. रोड**; PSU2GOL91136651, 91443112, 92942191, 94632311. **ललितपुर - सुभाषपुरा**; PSL4GOL90793482, 93686631, 95299249, 95374165, 95629652, 96006040, 96014178, 96280146, 96311067, 96243439, 96248116, 96489267, 96557579, 96718597, 97662746. **लखनऊ - गोमती नगर**; PSL5GOL91241189, 91250103, 91416556, 92715507, 92929637, 93180467, 93471992, 93851687, 94295323, 94386170, 94644066, 95283775, 96782698, 97022733, 97254292, 97674240, 97716961. (19-11-26) **गाज़ियाबाद - शालीमार गार्डन**; PSG5GOL90921691, 91429187, 93016265, 95389194, 96031281, 96767175, 97701350. **लखनऊ - ठाकुरगंज**; PPU3GOL91324622, 91327413, 91317284, 94404931, 94416804, 95585488, 96066876, 44093735, 96768264. **महाराजगंज - फरेंदा रोड**; PSV3GOL91395494, 92673695, 93902320, 93938817, 94353383, 95971313. **मैनपुरी - राधा रमन रोड**; POW7GOL31629343, 41014825, 92622447, 93711956, 94629399, 97187253. **मथुरा - कृष्णा नगर**; POF8GOL90833165, 92255498, 92695243, 93192785, 95157226, 97248253. **मेरठ - गढ़ रोड**; PNP1GOL94336914, 94663571, 94883740, 94901449, 96274176, 96461104, 96948459, 96987270, 97195310, 97586539. **मुरादाबाद - बुध बाजार**; PMV1GOL93741054, 93940099, 95135200, 95620870, 96232222, 96507454, 96951362. **मुरादाबाद - ईदगाह रोड**; PMR1GOL40920437, 97653160. **मुज़फ्फरनगर - रेलवे रोड**; PMQ9GOL91417910, 91818316, 91911767, 41634983, 92603676, 93218577, 93404205, 42492697, 93956649, 94902654, 95140668, 95093909, 43461024, 95613880. **नजीबाबाद - कोटद्वार रोड**; PMQ8GOL94333787, 94627158, 95145371, 95062895, 43440703, 44693608, 45407620. **नोएडा - होशियारपुर**; PSL7GOL90957926, 92691729, 93023143, 93253145, 95059657, 96022595, 96965824, 97570043. **नोएडा - सेक्टर 12 और 22**; PSG3GOL91394291, 92742231, 92697663, 94272055, 95367808, 95355661, 96258716, 96473070. **नोएडा - सेक्टर 15**; PSL6GOL91285096, 91262869, 91405661, 93454016, 94665315, 94692389, 96258611, 97706865. (20-11-26) **नोएडा - सूरजपुर**; PSL9GOL93255450, 93429306, 93421858, 94389323, 94613200, 95173755, 95129685, 95364468, 96241412, 97204688. **नोएडा सेक्टर 18 - BGL**; PTS3GOL97643851. **पडरौना - मेन सुभाष चौक**; PTD7GOL94934080, 95596921, 96692367, 96697298. **पिलखुवा - हापुड़ रोड**; PRE6GOL95079161, 96229184. **रायबरेली - कचहरी रोड**; POU1GOL32360511, 32352150, 32821190, 33653026. **रामपुर - शौकत अली रोड**; PMU8GOL30828234, 90813542, 91418354, 41213668, 93737140, 95098417, 44288008, 97693088. **सहारनपुर - कोर्ट रोड**; PMQ6GOL91115731, 91284031, 91822166, 91806727, 91816152, 92602700, 93744824, 93679515, 93725392, 94303681, 94875794, 95080553, 95114102, 95307123, 95595687, 96078236, 96710404, 96767831, 96964509, 97205359, 97599228. **शाहजहाँपुर - मेन रोड**; PTD6GOL91877029, 94293661, 94374494, 96008601, 96496765, 97164229, 97706818. **शामली - बुढ़ाना रोड**; PMQ5GOL41267546, 93036353, 93403000, 94594229, 94570013, 94603608, 43598776, 96296475, 96303992, 96761668, 96770058, 96686637, 96951682, 97637919, 97590637, 45389371. **शिकोहाबाद - एटा रोड**; PMV2GOL90843494, 91045363, 91780774, 91636991, 92089303, 94683469, 43430913, 95578567, 96268035, 96518076, 96974059, 96947836, 96927501, 96980768, 97199870, 97174080, 97180821, 44978303. **सुल्तानपुर - इलाहाबाद रोड**; PTR4GOL91253407, 94320343, 95085171, 96978121, 97226461. **उन्नाव - आदर्श नगर**; PPG8GOL91278487, 41593165, 41872828, 93554401, 42229922, 42350394, 93990875, 93939590, 95063062, 95936340, 96241454, 96501550, 96482296, 96959947, 97631261, 97563300.

बजाज फाईनान्स लिमिटेड